पंजाब केसरी 15/02/2023

# पुलवामा हमले की याद में जी.एम.एन. कालेज में लगा शिविर, 100 से अधिक ने किया रक्तदान





*रक्तदाता को बैच लगाती मुख्य अतिथि डा. सुखदा प्रीतम व शिविर में हिस्सा लेने वाली टीम के सदस्य।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 14 फरवरी (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा समझौता पत्र के अंतर्गत ड्रॉप्स ऑफ चेंज और आश्रय संस्था के संयुक्त तत्वाधान में कालेज परिसर में यूथ रैडक्रॉस, एन.एस.एस. यूनिट, एन.सी.सी. की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो पुलवामा में हुए शहीदों की याद में समर्पित रहा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि सी.जे.एम. डा. सुखदा प्रीतम मौजूद रही। इस दौरान 100 से अधिक युवाओं सहित अन्य ने स्वेच्छा से शहीदों के नाम रक्तदान किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रबंधक समिति के महासचिव अजय अग्रवाल एवं कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्यातिथि डा. सुखदा प्रीतम का स्वागत किया। मुख्यअतिथि ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज की यह एक अनूठी पहल है, क्योंकि रक्तदान करके हम जरूरतमंदों के चेहरे पर नई मुस्कान लाएंगे और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति रक्त से महरूम होकर नहीं मरेगा।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि डा. जोगेंद्र, डा. पूजा एवं डा. मुकेश का इस रक्तदान शिविर में सहयोग रहा। कार्यक्रम के संयोजक डा. सुरेंद्र नैन ने बताया कि कालेज द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता है।

डा. राकेश ने इस मौके पर ड्रॉप्स ऑफ चेंज से विशाल और आश्रय संस्था के सदस्यों का धन्यवाद, जिन्होंने इस महादान के लिए अपना कदम कालेज के साथ मिलकर आगे बढ़ाया।

शिविर में कुल 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मंच संचालन अति विशिष्टता के साथ-साथ डा. अमित कुमार ने किया।